Municipal Council, Pali

# Newsletter December 2017


## Address

Near Suraj Pole Chaurha, Town Hall, Pali-306401 (Rajasthan) India.

## Email

cmcpali@yahoo.co.in

## Contact-No.

02932-221301

# Local Self Government Rajasthan

The Department of local self Government, Rajasthan is the controlling Department of all municipalities for all administrative purposes. It also performs monitoring and co-ordination function at the state level for all the 188 municipal bodies of the state.

# Functions of Department of Local Self Government Rajasthan

•Appointment of OICs/Advocate in Court Cases, vetting of reply, opinion on judgment, decision for appeal or no appeal, scrutiny of Bye-Laws and Rules and Amendments in Acts and Rules.
•Approval of Budget of ULBs and released of funds regarding Special Grant, General Grant, SFC, TFC, Grant (in Lieu of Octroi) and State/Centrally Sponsored Schemes/Programme.
•Disposal of matters related to transfer, establishment, DPCs related to officers
•and staff of ULBs, DDR offices and Directorate.
•Extension and Exclusion of Municipal boundary, Election of Municipal Boards.
•Implementation of HRD Plan for elected representatives, and officials of ULBs.
•Implementation of Poverty Alleviation and social responsibilities Programmes.
•Issuance of Financial, Administrative and Technical Sanctions which are not in the Jurisdiction of the elected board.
•Preparation of Annual Plan/District Plan/Action Plan/DPRs related to various GoI/GoR schemes/Programmes.

# Various Schemes

## AMRUT – (Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation)

- Urban Infrastructure Development of 29 Towns > 1.0 lac population.
- Total Estimated Project cost Rs 4500 cr (50% GoI, 30% GoR, 20% ULB)
- Components to be covered - Water supply, Sewerage network, Septage management, Storm water drainage, Urban Transport, Green spaces and parks.



## HRIDAY-Heritage Cities Infrastructure Development & Augmentation

- Ajmer – Pushkar nominated under HRIDAY– 100% grant by GoI.
- City HRIDAY Plan for Rs 48.00 cr. approved by MoUD, GoI.




## National Urban Livelihood Mission (NULM)

- Focus on Skill Training & Placement and Capacity Building / Self Employment.
- Major components- Shelter for Urban Homeless, Support to Urban Street Vendors.

**पाली 15 दिसम्बर। दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत बांगड स्टेडियम के पास 50 लाख रूपये की लागत से बनने वाले आश्रय स्थल का भूमि पूजन ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, संसदीय मामलात एवं निर्वाचन विभाग तथा पाली जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र राठौड, उपमुख्य सचेतक मदन राठौड़, विधायक ज्ञानचंद पारख, नगर परिषद सभापति महेन्द्र बोहरा , उपसभापति मूलसिंह भाटी, स्थानीय पार्षद श्रीमती जसवंता बारूपाल द्वारा विधी–विधान के साथ किया गया। तत्पश्चात शिलालेख का अनावरण भी किया गया।**

इस अवसर पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए पंचायती राज मंत्री राठौड़ ने कहा कि यशस्वी मुख्यमत्री श्रीमती वसुन्धरा राजे के नेतृत्व में पाली शहर समेत पूरा प्रदेश विकास के साथ हर क्षेत्र में आगे आ रहा है। पिछली सरकार की तुलना करते हुए उन्होनें बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने अपने चार साल जनता की सेवा करते हुए पूर्ण किये है, यह प्रदेशवासियों के लिए गौरव की बात है। पाली शहर में 24 घण्टे जलापूर्ति, सीवरेज, मेडिकल कॉलेज जैसी अनेकों योजनाओं को यंहा के वाशिदों के लिए सौगात बताया।

उन्होनें विधायक ज्ञानचंद पारख, सभापति महेन्द्र बोहरा को विकास पुरूष की संज्ञा देते हुए पाली शहरवासियों को इस बात के लिए भी बधाई दी कि उन्होने ऐसे जन प्रतिनिधियों को चुना जिनका ध्येय सेवा एवं विकास है। बाढ के दौरान इनकी सेवाओं को मैनें देखा है जिस कदर हमारे जनप्रतिनिधी पीड़ित मानवता की सेवा में तत्पर रहते है, उसके लिए वे बधाई के पात्र भी है।

उन्होनें यंहा बनने वाले आश्रय स्थल को जनउपयोगी बताते हुए कहा कि इसका लाभ बिना छत के रात गुजराने वालों के अलावा औद्योगिक इकाईयों में काम करने वाले श्रमिकों, बांगड स्टेडियम में खेल प्रतिभाएं प्रदर्शित करने के लिए दूर–दराज के क्षेत्रों से आने वाले खिलाड़ियों को मिलेगा।

विधायक ज्ञानचंद पारख ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार की मुख्या श्रीमती वसुन्धरा राजे एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र राठौड ने पाली की जनता को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई है, उसका लाभ जनता को मिलेगा, दो सिटी डिस्पेन्सरी, एक मेडिकल कॉलेज, प्रदेश में स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने में मंत्री राठौड की महती भूमिका रही है। नगर परिषद द्वारा शहर के विकास एवं सेवा के क्षेत्र में किये गये कार्यो की भी भूरी–भूरी प्रंशसा की।

सभापति महेन्द्र बोहरा ने राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर यंहा सम्पादित आश्रय स्थल के शिलान्यास को पुण्य का काम बताते हुए कहा कि इससे आश्रयविहीन लोगों को रात गुजारने के लिए छत मिलेगी। शहर में विकास की गति दिनोदिन बढती जा रही है, प्रत्येक एक पखवाडे के अन्तराल में विकास कार्यो के शिलान्यास अथवा उदघाटन जैसे आयोजन हो रहे है। उन्होनें सीवरेज योजना , अमृत योजना, मुख्यमंत्री जन आवास योजना समेत कई जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

आयुक्त इन्द्रसिंह राठौड ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया, संचालन शिवराम जाट ने किया। प्रारंभ में अतिथियों का साफा व माला पहनाकर बहुमान किया गया।

**सुविधाएंः–** बांगड स्टेडियम के पास बनने वाले आश्रय स्थल 4000 वर्ग फीट क्षेत्रफल में बनेगा, इसमें चार हॉल का निर्माण होगा, जिसमें दो महिलाओं के लिए तथा दो पुरूषों के लिए। 36–36 बैड दोनो हॉल में लगेगे, जिस पर गद्दे, तकिये, सर्दी में रजाई की व्यवस्था होगी। शौचालय दस बनेगें जिनमें 5 पुरूषों के लिए व 5 महिलाओं के लिए, इसी तरह स्नानघर भी 4–4 कुल 8 बनेगें। रसोईघर, स्टोर, रिसेप्शन रूम भी होगा।

**इनको मिलेगा लाभः** औद्योगिक इकाईयों में काम करने वे श्रमिक जिनका पाली में रात गुजारने का ठोर–ठिकाना नहीं है, बांगड स्टेडियम में आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खेल प्रतिभागियों को।

**पाली 21 दिसम्बर। गरीब, मजदूर, निर्धन वर्ग के लोगों को अब सस्ता खाना उपलब्ध होगा, इसके लिए राज्य सरकार ने बकायदा वाहन उपलब्ध कराने की मंजूरी प्रदान कर दी है।**

विधायक ज्ञानचंद पारख एवं सभापति महेन्द्र बोहरा के सकारात्मक प्रयासों से प्रदेश की यशस्वी मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे ने पाली के गरीब, निर्धन तथा मजदूर तबके के जरूरतमंद लोगों को दोनो समय भरपेट सस्ता भोजना एवं नास्ता मिले, इसके लिए पाली में अन्नपूर्णा योजना के तहत पांच वाहन उपलब्ध कराने प्रस्ताव पर स्वीकृति की मोहर लगा दी है। यह वाहन शीघ्र ही पाली पंहुचने वाले है।

**यह होगें लाभान्वितः–** पाली शहरी क्षेत्र के श्रमिक, रिक्शावाले, ठेलेवाले, ऑटो वाले, कर्मचारी, विद्यार्थी, कामकाजी महिलाएं, बुर्जुग, असहाय, जरूरतमंद व्यक्ति अन्नपूर्णा रसोई योजना से लाभान्वित होगें।

**दर :–** इस योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री श्रीमती वसुन्धरा राजे द्वारा 15 दिसम्बर, 2016 को किया गया है, इस योजना में अन्नपूर्णा रसोई वैन के माध्यम से मात्र पांच रूपये में नास्ता, मात्र रूपये आठ में पोष्टिक भोजन उपलब्ध करवाया जायेगा।

**विशेषताएंः–** इस रसोईवैन में लाभार्थियों के लिए नाश्ता, दोपहर का भोजन एवं रात्रि का भोजना उपलब्ध होगा। नाश्ते में पोहा, सेवइयां, इडली–सांभर, लापसी, ज्वार खिचडा, बाजरा खिचडा, गेहू खिचडा मिलेगें।

भोजन सामग्री की थाली में 450 ग्राम मात्र में दोपहर में दाल–चावला, गेहू का चूरमा, मक्का का नमकीन खिचडा, रोटी का उपमा, दाल–ढोकली, चावल का नमकीन खिचडा, कढी–ढोकली, ज्वार का नमकीन खिचडा, गेहूं का मीठा खिचडा मिलेगा। रात्रि भोजना में दाल–ढोकली, ज्वार की मिठी खिचडी, चावल का नमकीन खिचडा, कढी–चावल, मक्के का नमकीन खीचडा, बेसन गट्टा फुलाव, बाजरे का मीठा खीचडा, दाल–चावल, गेहू का चूरमा मिलेगा।

**यंहा मिलेगा सस्ता भोजनाः–** अन्नपूर्णा रसोई वैन आने पर पुराना बस स्टेण्ड, सूरजपोल, बांगड अस्पताल के पीछे वाले गैट के पास, सुपरमार्केट मिलक्षेत्र, महाराणा प्रताप चौराहा, नया गांव ट्रासपोर्ट नगर के पास में।

**पाली 26 दिसम्बर। शहर को स्वच्छ बनाने के लिए आम जन की भागीदारी हेतु मंगलवार को सभी समाज के साधु संतों, मौलाना समेत विभिन्न समाजों के मुखियाओं की बैठक नगर परिषद सभापति महेन्द्र बोहरा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सभी ने नगर परिषद द्वारा शहर में चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान की जमकर तारीफ की तथा अपनी व अपने समाज की ओर से भरपूर सहयोग का भरोसा जताया वही साधु, संतों, मौलानाओं ने अपने धर्म सभाओं भी स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।**

सभापति बोहरा ने बैठक में उपस्थित सभी समाजाओं के धर्म गुरूओं, मुस्लिम समाज के मौलानाओं से हाथ जोडकर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हुए सभी समाज के उपस्थित मुखियाओं का स्वागत करते हुए कहा कि आप सब की इतनी बडी संख्या में उपस्थिति यह दर्शाती है कि नगर परिषद शहर में अच्छा कार्य कर रही है तथा आप लोगों ने मुझे जो जिम्मेदारी सौपी है वह आपका प्रतिनिधि बखूबी पूर्ण ईमानदारी एंव निष्ठा के साथ निभा रहा है।

उन्होनें कहा कि किसी भी शहर का विकास, परिवर्तन नगर परिषद के साथ आमजन की भागीदारी से ही आता है, शहर को स्वच्छ भी इसी तरह रखा जा सकता है। शहर आप सबका है, शहर स्वच्छ तब ही होगा तब सभी स्वच्छता के प्रति सजग होगें न स्वयं गंदगी करेगें न फैलायेगें न ही दूसरों को ऐसा करने देगें। हांलाकि पूरानी आदतों को बदलने में समय लगता है, लेकिन प्रयास करने से परिवर्तन संभव है। स्वच्छता के प्रति विद्यालयों, सरकारी विभागों में बदलाव दिखाई देने लगा है। उन्होनें कहा कि आप मेरी आंखे है, आपके हाथ मेरे हाथ है, मै तो मात्र प्रतीक हूँ। अगर आप अपने क्षेत्र की किसी भी समस्या से मुझे अवगत करायेगें तो निःसन्देह उसका निवारण होगा, ऐसा आप समझे।

**स्वच्छता लॉटरीः–** स्वच्छता एप डाउनलोड करने वालों की इस अवसर पर लॉटरी निकाली गई जिसमें 100 में से 10 विजेता रहे, जिसमें 2000 लोगों की निकाली गई लॉटरी में 200 विजेता रहे। प्रथम लॉटरी का बटन मच्छीवाले बाबा के नाम से ख्यात संत ने दबाया।

**कपडे की थैलीः–** प्लास्टिक कैरी बैग का पूर्णतया उपयोग नही करते हुए उन्होनें शहरवासियों से कपडे की थैली का उपयोग लेने पर जोर देते हुए इसके लिए उपस्थित सभी से अपनी ओर से कपड़े की थैली बांटने हेतु सहयोग मांगा, उन्होनें कहा कि इस कार्य में सहयोग करना सबसे बडा सेवा का काम है।

**गीला–सूखा कचराः–** नगर परिषद द्वारा गीला–सूखा अलग–अलग संग्रहण करने के लिए किया गया नवाचार भी लोगों को पंसद आया है, अब शहरवासी अपने घरों में अलग–अलग रंग के (नीला व हरा) कचरा पात्र में कचरा संग्रहित कर नगर परिषद के इसी रंग के आने वाले वाहन में डाल रहे है। नगर परिषद की ओर से भी प्रत्येक घर–घर ऐसे कचरा पात्र दिये जा रहे है। इसके लिए उन्होनें समाज के लोगों को भी अपनी ओर आगे बढकर नगर परिषद द्वारा किये जा रहे इस कार्य में सहयोग मांगा।

**कचरा उठाने हेतु वाहन व्यवस्थाः—** विभिन्न समाजों की ओर से समय—समय पर किये जाने वाले सामूहिक विवाह, धार्मिक आयोजनों में होने वाले कचरे को उठाने के लिए नगर परिषद की ओर से कचरा वाहन उपलब्ध कराने की व्यवस्था का सभापति ने भरोसा जताया।

**खुले में शौचः—** बैठक में खुले में शौच में लोगों की प्रवृति को बदलने के लिए सभी समाज के लोगों का कमाण्डों फोर्स बनाकर गांधीवादी तरीका अपनाते हुए समझाईश पर जोर दिया। नगर परिषद की ओर दस सामुदायिक शौचालय बनाये गये है, घरों में शौचालय निर्माण हेतु अनुदान राशि भी दी गई है, इसके उपरान्त भी जिनके शौचालय नहीं है उनके घरों में नगर परिषद अपने स्तर पर शौचालय का निर्माण करवाने को हेतु भी प्रयासरत है।

**सफाई से बढेगा पर्यटनः—** हमारा शहर साफ सुन्दर होगा तो इसके कई फायदे हमें मिलेगें, सफाई होगी तो पयर्टन बढेगा, इससे रोजगार बढेगा, उद्योग पनपेगें। सरकारी विभाग खुलेगें, देश—विदेश में शहर को अच्छी पहचान मिलेगी। इससे सरकारी फण्ड भी अधिक मिलेगा, जिससे शहर के विकास को गति मिलेगी।

**रोग से मुक्तिः—** गंदगी नहीं रहेगी तो मिलेगी रोगों से मुक्ति, स्वस्थ होगा तन, बीमारियां नहीं फैलने से शहर का विस्तार होगा।

**श्रमदानः—** बैठक में स्वच्छता के प्रति विभिन्न समाज के उपस्थित प्रतिनिधियों, मौलानाओं, साधु—संतों से अपने आस—पास के क्षेत्रों में लोगों को प्रेरित कर स्वच्छता श्रमदान पर जोर दिया गया।

**शोभायात्रा के साथ सफाईः—** सिख समाज के गुलबागसिंह खेड़ा ने सोमवार को गुरू गोविन्द सिंह जयन्ति पर आयोजित लगर  के दौरान नगर परिषद द्वारा कचरा संग्रहण की कि गई कचरा संग्रहण व्यवस्था को सराहनीय बताते हुए शोभायात्राओ के पीछे कचरा संग्रहण हेतु की जाने वाली व्यवस्था को अच्छा प्रयास बताया।

**मौलाना साहब का संदेशः—** हजरत हाजी मौलाना मुसहब साहब पाली ने इस अवसर पर अपने सन्देश में कहा कि जिस प्रकार आदमी अपने शरीर की, घर की सफाई करता है, उसी तरह उसके मन में अपने आस—पडोस, शहर, जिले की सफाई का भाव होना चाहिए, हर सख्स को इस बार में सोचना चाहिए, सफाई लाजमी है, जरूरी है, सफाई नहीं होने से इन्सान की सेहद खराब होती है, इसका भी हमे ध्यान रखना होगा। सरकार ने सहूलियतों तो खूब हमारे लिए उपलब्ध करा दी है, इसलिए हमारा भी फर्ज बनाता है कि कचरे को कचरा पात्र में डाले, गंदगी नहीं फैलाये, तालाब कुओं को साफ रखे उसमें किसी प्रकार का कचरा नहीं डाले तथा दूसरों को भी नहीं डालने दे, अगर कोई ऐसा करता है तो उसे समझाईश का रास्त अख्तियार करे।

**नाराः—** बैठक में टीम पाली ग्रीन पाली क्लीन पाली का नारा दिया गया, जिसका सभी ने स्वागत किया।

नगर परिषद् पाली–मारवाड़

राजस्थान

स्वच्छ पाली–स्वस्थ पाली